# आईआईएम रांची में आदिवासी फिल्म महोत्सव 26 अगस्त से

## आयोजन की तैयारी

■ फिल्म स्क्रीनिंग, कहानी सत्र और आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी

रांची, प्रमुख संवाददाता। भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची, संवादः एक आदिवासी सम्मेलन और टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय समुदाय के साथ आदिवासी फिल्म महोत्सव का आयोजन 26-27 अगस्त को किया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य आदिवासी सिनेमा के जरिए झारखंड की सांस्कृतिक पहचान, ज्ञान और विकास के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी समुदायों की चुनौतियों को उजागर करते हुए एक मंच प्रदान करना है।

सोमवार को आंईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहली बार संस्थान की ओर से इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में फिल्म स्क्रीनिंग, चर्चाएं और कहानी सत्र होंगे। पहले दिन 26 अगस्त को सिनेमा और आदिवासियत विषय पर चर्चा की जाएगी। जबकि, दूसरे दिन 27 अगस्त को आदिवासी धरोहर और सांस्कृतिक सहनशीलता पर ध्यान केंद्रित होगा।

### बीजू टोप्पो व मेघनाथ शामिल होंगे

प्रो श्रीवास्तव ने बताया कि फिल्मों के माध्यम से समुदाय के साथ आदिवासी फिल्म महोत्सव, झारखंड के आदिवासी समुदायों के बहुप्रतिभागी रंगों, उनकी मौलिकता और सहनशीलता जैसे पहलुओं को उभारेगा। दर्शकों को झारखंड की आदिवासी कथाओं, संस्कृतियों व परंपराओं को जानने का अवसर मिलेगा। चर्चित फिल्म निर्माता बीजू टोप्पो और मेघनाथ शामिल होंगे। इसमें फिल्म निर्माण के साथ आदिवासी समुदायों के सामने आनेवाले मुद्दों पर भी चर्चा होगी।

Hindustan_22.08.2023_Pg. 06